**दिनांक–08.08.2024 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की ऑनलाईन समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–08.08.2024 को श्री जय सिंह, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा राज्य के सभी जिलों के बन्दोबस्त कार्यालयों के साथ विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की वर्त्तमान प्रगति एवं नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के शिविरवार एवं ग्रामवार टैगिंग की विस्तृत समीक्षा ऑनलाईन माध्यम से की गई। श्री लक्ष्मण तिवारी, भा0प्र0से0, विशेष कार्य पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना तथा भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई बैठक में नवनियोजित कर्मियों के शिविरवार/ग्रामवार टैगिंग, जिलास्तरीय ग्रामवार उद्घोषणा एवं अपलोडिंग, ग्राम सभा, प्रपत्र–5 का संधारण एवं नए अंचलों में कार्य प्रारंभ किए जाने के सम्बन्धित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षात्मक बैठक में सर्वप्रथम नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के शिविरवार एवं ग्रामवार टैगिंग के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई।

नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के शिविरवार/ग्रामवार टैगिंग की समीक्षा में जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में अद्यतन स्थिति निम्नवत पाई गई :–

| Sl. No | District | TOTAL AMIN Tag | NEW AMIN Tag | OLD AMIN Tag | VILLAGE Tag | TOAL ASO Tag | NEW ASO Tag | OLD ASO Tag | VILLAGE Tag | TOTAL KGN Tag | NEW KGN Tag | OLD KGN Tag | VILLAGE Tag | OLD CLERK Tag | NEW CLERK Tag | TOTAL CLERK Tag |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ARARIA | 181 | 118 | 63 | 169 | 5 | 3 | 2 | 5 | 10 | 5 | 5 | 10 | 7 | 7 | 14 |
| 2 | ARWAL | 208 | 58 | 150 | 165 | 4 | 0 | 4 | 3 | 8 | 0 | 8 | 8 | 21 | 0 | 21 |
| 3 | AURANGABAD | 303 | 297 | 6 | 297 | 11 | 6 | 5 | 11 | 15 | 7 | 8 | 12 | 1 | 12 | 13 |
| 4 | BANKA | 439 | 346 | 93 | 433 | 6 | 2 | 4 | 6 | 14 | 9 | 5 | 14 | 6 | 9 | 15 |
| 5 | BEGUSARAI | 312 | 158 | 154 | 282 | 16 | 7 | 9 | 15 | 28 | 13 | 15 | 25 | 23 | 17 | 40 |
| 6 | BHAGALPUR | 277 | 260 | 17 | 274 | 16 | 13 | 3 | 16 | 20 | 11 | 9 | 20 | 2 | 21 | 23 |
| 7 | BHOJPUR | 213 | 207 | 6 | 213 | 13 | 10 | 3 | 13 | 20 | 15 | 5 | 23 | 1 | 18 | 19 |
| 8 | BUXAR | 201 | 194 | 7 | 198 | 9 | 6 | 3 | 9 | 16 | 11 | 5 | 15 | 0 | 16 | 16 |
| 9 | DARBHANGA | 239 | 227 | 12 | 215 | 15 | 12 | 3 | 14 | 24 | 19 | 5 | 23 | 0 | 29 | 29 |
| 10 | GAYA | 498 | 497 | 1 | 464 | 14 | 12 | 2 | 13 | 42 | 31 | 11 | 40 | 1 | 37 | 38 |
| 11 | GOPALGANJ | 243 | 237 | 6 | 240 | 11 | 8 | 3 | 11 | 23 | 16 | 7 | 20 | 1 | 20 | 21 |
| 12 | JAMUI | 268 | 213 | 55 | 256 | 8 | 5 | 3 | 8 | 19 | 12 | 7 | 17 | 10 | 10 | 20 |
| 13 | JEHANABAD | 185 | 72 | 113 | 160 | 5 | 1 | 4 | 5 | 11 | 6 | 5 | 11 | 19 | 0 | 19 |
| 14 | KAIMUR (BHABUA) | 287 | 284 | 3 | 287 | 10 | 7 | 3 | 7 | 15 | 12 | 3 | 13 | 0 | 13 | 13 |
| 15 | KATIHAR | 324 | 241 | 83 | 309 | 15 | 10 | 5 | 12 | 26 | 20 | 6 | 25 | 9 | 14 | 23 |
| 16 | KHAGARIA | 94 | 30 | 64 | 91 | 4 | 2 | 2 | 4 | 7 | 6 | 1 | 7 | 6 | 5 | 11 |
| 17 | KISHANGANJ | 202 | 84 | 118 | 185 | 3 | 0 | 3 | 3 | 8 | 3 | 5 | 8 | 9 | 5 | 14 |
| 18 | LAKHISARAI | 193 | 47 | 146 | 169 | 5 | 0 | 5 | 4 | 18 | 8 | 10 | 16 | 12 | 4 | 16 |
| 19 | MADHEPURA | 90 | 35 | 55 | 81 | 10 | 7 | 3 | 10 | 23 | 16 | 7 | 22 | 7 | 19 | 26 |
| 20 | MADHUBANI | 183 | 176 | 7 | 176 | 15 | 12 | 3 | 15 | 27 | 23 | 4 | 20 | 1 | 33 | 34 |
| 21 | MUNGER | 250 | 108 | 142 | 203 | 6 | 2 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 | 5 | 19 | 5 | 24 |
| 22 | MUZAFFARPUR | 332 | 315 | 17 | 306 | 14 | 11 | 3 | 14 | 21 | 13 | 8 | 17 | 3 | 22 | 25 |
| 23 | NALANDA | 314 | 138 | 176 | 267 | 16 | 9 | 7 | 15 | 33 | 19 | 14 | 18 | 20 | 18 | 38 |
| 24 | NAWADA | 188 | 182 | 6 | 130 | 12 | 9 | 3 | 9 | 21 | 15 | 6 | 11 | 1 | 23 | 24 |
| 25 | PASHCHIM CHAMPARAN | 299 | 218 | 81 | 282 | 17 | 13 | 4 | 17 | 24 | 14 | 10 | 25 | 7 | 25 | 32 |
| 26 | PATNA | 279 | 276 | 3 | 253 | 23 | 17 | 6 | 21 | 31 | 26 | 5 | 28 | 1 | 35 | 36 |
| 27 | PURBI CHAMPARAN | 224 | 221 | 3 | 206 | 23 | 19 | 4 | 21 | 35 | 32 | 3 | 35 | 0 | 41 | 41 |
| 28 | PURNIA | 249 | 194 | 55 | 242 | 14 | 10 | 4 | 14 | 30 | 18 | 12 | 15 | 6 | 14 | 20 |
| 29 | ROHTAS | 370 | 361 | 9 | 369 | 16 | 12 | 4 | 14 | 30 | 25 | 5 | 30 | 1 | 31 | 32 |
| 30 | SAHARSA | 96 | 47 | 49 | 94 | 9 | 6 | 3 | 7 | 16 | 11 | 5 | 16 | 8 | 10 | 18 |
| 31 | SAMASTIPUR | 238 | 225 | 13 | 232 | 22 | 13 | 9 | 20 | 24 | 19 | 5 | 23 | 1 | 23 | 24 |
| 32 | SARAN | 320 | 309 | 11 | 314 | 17 | 12 | 5 | 16 | 30 | 22 | 8 | 29 | 0 | 25 | 25 |
| 33 | SHEIKHPURA | 140 | 41 | 99 | 122 | 6 | 0 | 6 | 4 | 5 | 5 | 0 | 5 | 27 | 0 | 27 |
| 34 | SHEOHAR | 44 | 15 | 29 | 42 | 5 | 3 | 2 | 5 | 4 | 0 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 35 | SITAMARHI | 175 | 90 | 85 | 166 | 15 | 9 | 6 | 14 | 24 | 18 | 6 | 24 | 5 | 24 | 29 |
| 36 | SIWAN | 257 | 251 | 6 | 254 | 15 | 13 | 2 | 15 | 24 | 17 | 7 | 24 | 1 | 29 | 30 |
| 37 | SUPAUL | 135 | 47 | 88 | 120 | 11 | 5 | 6 | 9 | 15 | 6 | 9 | 14 | 11 | 8 | 19 |
| 38 | VAISHALI | 300 | 287 | 13 | 291 | 16 | 10 | 6 | 15 | 26 | 17 | 9 | 25 | 4 | 26 | 30 |
| | **TOTAL** | **9150** | **7106** | **2044** | **8557** | **452** | **296** | **156** | **420** | **772** | **522** | **250** | **696** | **253** | **653** | **906** |

उक्त समीक्षा में पाया गया कि अभी भी 593 ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण अमीन 32 शिविरों विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी तथा 76 ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को टैग नहीं किया गया है तथा कुछ जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व में की गई टैगिंग को आवश्यकतानुसार वर्त्तमान में की गई पदस्थापना के आलोक में रिवर्ट करने के कार्य में समस्या आ रही है। मधुबनी जिला द्वारा बताया गया कि जिले के 32 ग्राम R2R सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं होने के कारण टैगिंग का कार्य बाधित है। इसी तरह कुछ अन्य जिलों द्वारा भी अनेक ग्रामों के R2R सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं होने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन दिया गया।

विभिन्न जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिला में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप ग्राम सभ आयोजित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विभिन्न जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि नवनियोजि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान की अंतिम तिथि दिनांक–07.08.2024 को समाप्त होने पश्चात् वैसे नवनियोजित कर्मी जो पूर्व से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत हैं औ उनके त्याग–पत्र स्वीकृति के आलोक में जिलास्तरीय योगदान किया जाना शेष है, उनके योगदान के सम्बन्ध में सॉफ्टवेयर में आवश्यक प्रावधान किया जाना आवश्यक है।

उक्त के आलोक में समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) सभी नवनियोजित, स्थानांतरित तथा विशेष सर्वेक्षण संचालित अंचलों के अतिरिक्त शिविरों पदस्थापित कर्मियों के अनटैगिंग तथा शिविरवार/ग्रामवार टैगिंग का कार्य आगामी 1–2 दिनों अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए।

(ii) बैठक में उपस्थित निदेशालय के आई0टी0 सेल द्वारा नवनियोजित कर्मियों के रिवर्ट करने सम्बन्धित समस्या के सम्बन्ध में बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण कानूनगो जिन्हें पूर्व में अंचल सभी ग्रामों में टैग किया गया था, उन्हें अंचल के आधे ग्रामों से रिवर्ट कर उस अंचल में दूस कानूनगो को टैग किया जा सकता है।

(iii) सभी ग्रामों को निदेशित किया गया कि जिलों के जो ग्राम R2R सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं हो र है, उनकी सूची तैयार कर अविलंब निदेशालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अधिसूचित क्षे अन्तर्गत आने वाले ग्रामों को छोड़कर जिन ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है, उनक सूची तैयार कर जिलावार ग्रामों की निश्चित संख्या का प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराय जाए, ताकि ग्रामों की संख्या को Freeze किया जा सके और विशेष सर्वेक्षण के आगामी प्रक्रम किए जाने वाले कार्यों के लिए ग्रामों की निश्चित संख्या का निर्धारण किया जा सके।

(iv) नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान की अंतिम तिथि दिनांक–07.08.202 के सम्बन्ध में स्पष्ट किया गया कि नवनियोजित होने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का योगदा दिनांक–07.08.2024 के पश्चात स्वीकृत नहीं किया जाना है, जबकि पूर्व से कार्यरत विशेष सर्वेक्ष कर्मियों का योगदान उनके त्याग–पत्र स्वीकृत होने के पश्चात किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निदे दिया गया कि निदेशालय स्तर पर सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों से त्याग–पत्र स्वीकृति सम्बन्ध सभी जिलों से प्राप्त अनुशंसा पर यथाशीघ्र निर्णय कर पूर्व के कर्मियों के त्याग–पत्र पश्चात न पद पर योगदान की अंतिम तिथि निर्धारित करना सुनिश्चित किया जाए।

(v) निदेशित किया गया कि जिन विशेष सर्वेक्षण अमीनों के ग्रामवार टैगिंग हो गई है, उनके द्वा प्रपत्र–1 को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में यथाशीघ्र अपलोड करवाना सुनिश्चित किया जाए। इ सम्बन्ध में सभी नोडल पदाधिकारियों को टैग किए गए ग्रामों और प्रपत्र–1 के अपलोड की संख की तुलनात्मक समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

(vi) कुछ जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि कुछ नवनियोजित सर्वेक्षण कर्मियों के मोबाईल नं0 परिवर्त्तन होने के कारण कठिनाई हो रही है। सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि कर्मि के मोबाईल नं0 को परिवर्तित करने की सुविधा जिला स्तर पर प्रदत्त कर दी गई है और कर्मि के मोबाईल नं0 को जिला स्तर पर परिवर्तित किया जा सकता है।

(vii) निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है, वहाँ की कार्यवा एवं फोटो को PDF तैयार कर अमीन के Login से भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर/वेबसाईट पर अपलो किया जाए।

(viii) निदेशित किया गया निदेशालय स्तर से प्रपत्र–5 की प्रविष्टि के प्रगति की समीक्षा हेतु भू–सर्वेक्ष सॉफ्टवेयर में प्रावधान करना सुनिश्चित किया ताकि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–5 की प्रवि की दैनिक प्रगति की समीक्षा निदेशालय स्तर पर की जा सके। जिलों को निदेशित किया गया भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर की प्रविष्टि में मोबाईल का प्रयोग करने वाले कर्मियों के विरूद्ध अवि पृच्छा कर कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाए।

(ix) सभी जिलों को निदेशित किया गया कि दिनांक—07.08.2024 की तिथि के आधार पर जिलों में पदवार कर्मियों की आवश्यकता (प्रत्येक अंचल में एक सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, दो कानूनगो, दो लिपिक तथा प्रत्येक चार ग्राम पर एक अमीन) के आलोक में अब तक अलग—अलग पदों पर कोटिवार कितने कर्मियों द्वारा योगदान दिया गया है और रिक्त पदों की संख्या कितनी है, से सम्बन्धित प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए ताकि जिलावार रिक्त पदों की समीक्षा कर नियोजन की अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

(x) निदेशित किया गया कि सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारंभ करने हेतु ग्रामवार तिथिवार कैलेण्डर तैयार अविलंब उपलब्ध कराने का निदेश दिया जाए। इस सम्बन्ध में जिलों के पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया कि अपने—अपने जिले की हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर इस माह के चतुर्थ सप्ताह से ग्रामों में त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य प्रारंभ करने की तिथिवार/ग्रामवार कार्य—योजना निर्धारित कर ली जाए।

## 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रगति की समीक्षा

राज्य के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किए जाने से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा उपरान्त 89 अंचलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षोपरान्त जिलावार प्रगति निम्नवत पाई गई—

**2500 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र–6 इंट्री | एल0पी0 एम0 लंबित | एल0पी0 एम0 वितरण के पश्चात् सुनवाई | विश्रांति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | Map Updation के लिए लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 85 | 80 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 2 | बेगूसराय | 298 | 276 | 19 | 7 | 2 | 1 | 6 | 2 | 1 | |
| 3 | खगड़िया | 79 | 77 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | किशनगंज | 284 | 195 | 89 | 0 | 60 | 3 | 12 | 12 | 2 | |
| | कुल | 742 | 628 | 114 | 12 | 64 | 4 | 18 | 14 | 3 | |

**2501 से 5000 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र० सं० | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | | | प्रपत्र. 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल०पी०एम० | | सुनवाई | | नक्सा लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र . 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | | एल० पी० एम० लंबित | एल० पी० एम० वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | | |
| 1 | अररिया | 32 | 10 | 22 | 1 | 0 | 0 | 8 | 1 | 0 | 12 | 0 | 0 | |
| 2 | अरवल | 88 | 18 | 70 | 1 | 2 | 12 | 16 | 4 | 6 | 20 | 9 | 0 | |
| 3 | बांका | 57 | 26 | 31 | 0 | 0 | 4 | 18 | 1 | 0 | 8 | 2 | 0 | |
| 4 | बेगूसराय | 67 | 14 | 53 | 7 | 8 | 0 | 20 | 3 | 0 | 8 | 6 | 0 | |
| 5 | जमुई | 30 | 11 | 19 | खानापुरी कार्य चल रहा है। | | | | | | | | | |
| 6 | जहानाबाद | 56 | 30 | 26 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 12 | 11 | 0 | |
| 7 | कटिहार | 34 | 33 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | |
| 8 | खगडिया | 45 | 12 | 33 | 0 | 2 | 2 | 11 | 2 | 0 | 13 | 3 | 0 | |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | किशनगंज | 97 | 0 | 97 | 0 | 7 | 78 | 11 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 85 | 18 | 67 | 0 | 1 | 0 | 56 | 0 | 0 | 0 | 4 | 5 | |
| 11 | मधेपुरा | 18 | 1 | 17 | 0 | 0 | 0 | 8 | 3 | 0 | 4 | 2 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 33 | 31 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 102 | 98 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | |
| 14 | सहरसा | 45 | 13 | 32 | 0 | 0 | 0 | 21 | 0 | 10 | 0 | 1 | 0 | |
| 15 | शिवहर | 25 | 20 | 5 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 16 | सीतामढ़ी | 106 | 24 | 82 | 0 | 6 | 0 | 51 | 2 | 0 | 13 | 6 | 4 | |
| 17 | सुपौल | 59 | 43 | 16 | 0 | 0 | 5 | 4 | 3 | 0 | 1 | 3 | 0 | |
| 18 | प० चम्पारण | 63 | 18 | 45 | 0 | 0 | 4 | 9 | 9 | 3 | 2 | 18 | 0 | |
| | कुल | 1042 | 420 | 622 | 9 | 27 | 106 | 237 | 29 | 19 | 97 | 66 | 11 | |

**5000 से अधिक खेसरा तक विशेष सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र० सं० | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | | | प्रपत्र – 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल०पी०एम० | | सुनवाई | | नक्शा लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र– 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | | एल०पी० एम० लंबित | एल०पी० एम० वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | | |
| 1 | अररिया | 39 | 0 | 39 | 1 | 2 | 0 | 18 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 2 | अरवल | 58 | 0 | 58 | 0 | 34 | 13 | 6 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | |
| 3 | बांका | 44 | 2 | 42 | 0 | 14 | 19 | 6 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | |
| 4 | बेगूसराय | 75 | 1 | 74 | 2 | 56 | 0 | 10 | 3 | 0 | 3 | 0 | | |
| 5 | जमुई | 56 | 0 | 56 | खानापुरी कार्य चल रहा है। | | | | | | | | | |
| 6 | जहानाबाद | 25 | 2 | 23 | 0 | 6 | 0 | 11 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | |
| 7 | कटिहार | 17 | 6 | 11 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 5 प्रारूप प्रकाश हेतु लंबित |
| 8 | खगडिया | 32 | 0 | 32 | 0 | 11 | 4 | 11 | 2 | 0 | 5 | 0 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 73 | 0 | 73 | 0 | 22 | 50 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 59 | 0 | 59 | 0 | 26 | 0 | 28 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 35 | 0 | 35 | 0 | 29 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 8 | 1 | 7 | 0 | 3 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 77 | 3 | 74 | 0 | 1 | 0 | 56 | 12 | 0 | 2 | 1 | 2 | |
| 14 | पूर्णियाँ | 13 | 0 | 13 | 0 | 0 | 3 | 2 | 3 | 3 | 1 | 1 | 0 | |
| 15 | सहरसा | 35 | 0 | 35 | 0 | 9 | 0 | 22 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | |
| 16 | शेखपुरा | 60 | 35 | 25 | 0 | 0 | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 5 | 0 | |
| 17 | शिवहर | 24 | 1 | 23 | 0 | 4 | 16 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 18 | सीतामढी | 57 | 1 | 56 | 0 | 36 | 0 | 15 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | |
| 19 | सुपौल | 111 | 8 | 103 | 0 | 46 | 38 | 7 | 3 | 0 | 7 | 2 | 0 | |
| 20 | प० चम्पारण | 66 | 0 | 66 | 0 | 22 | 27 | 11 | 1 | 3 | 1 | 1 | 0 | |
| | कुल | 964 | 60 | 904 | 3 | 321 | 172 | 228 | 30 | 9 | 45 | 12 | 3 | |

उक्त प्रगति के सम्बन्ध में विभिन्न जिलों द्वारा दिया गया प्रतिवेदन निम्नवत है:—

(i) अररिया द्वारा बताया गया कि 2500 खेसरों तक वाले 09 ग्रामों में खानापुरी का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, क्योंकि ये प्रतिबन्धित क्षेत्र अन्तर्गत थे और इनका मानचित्र HRSI तकनीक से तैयार होने के कारण कार्य विलंब से प्रारंभ हुआ था। बेगूसराय द्वारा बताया गया कि 2500 खेसरों तक वाले कुल 294 ग्रामों में 288 की खानापुरी हो गई है, जबकि 06 ग्रामों में अधिकांश भूमि NHAI एवं रेलवे की भूमि होने के कारण खानापुरी पूर्ण नहीं हो पा रही है एवं 03 ग्रामों में खतियान अनुपलब्ध है।

(ii) किशनगंज के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों में खानापुरी का कार्य पूर्ण किए जाने के कारण 2500 खेसरा तक वाले 60 ग्रामों में प्रपत्र-6 की प्रविष्टि का काम लंबित रह गया है, जिसे इस माह के अन्त तक पूरा कर लिया जाएगा। 2500 खेसरों तक वाले सभी राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने के सम्बन्ध में प्रतिवेदित किया गया कि लगभग 02 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। सीतामढ़ी, सुपौल, एवं शिवहर के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि प्रथम चरण के उन्हीं ग्रामों में खानापुरी का कार्य लंबित है, जहाँ खेसरों की संख्या 10000 या उससे अधिक खेसरों की संख्या है।

नालंदा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि विभिन्न शिविरों द्वारा रैयतों से प्राप्त दावा, आपत्ति को वैधानिक समय सीमा के अन्दर सॉफ्टवेयर पर अपलोड नहीं किए जाने के कारण आदेश करने में कठिनाई हो रही है।

उपरोक्त जिलास्तरीय प्रतिवेदन के आलोक में निम्नांकित निदेश दिए गए:-

(i) सभी जिलों द्वारा प्रथम चरण अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रत्येक दशा में 20 अगस्त, 2024 तक पूरा कर लिया जाए।

(ii) किशनगंज के बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि प्रपत्र-6 की इंट्री के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए एवं सितम्बर, 2024 के अन्त तक प्रथम चरण के सभी ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाए।

(iii) बेगूसराय के जिन 03 राजस्व ग्रामों में खतियान उपलब्ध नहीं होने के कारण एवं जिन ग्रामों में NHAI एवं रेलवे की भूमि होने के कारण खानापुरी का कार्य बाधित है, वहाँ स्वामित्व सम्बन्धी जो भी साक्ष्य उपलब्ध है, उनके आधार पर प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया जाए।

(iv) नालंदा समेत अन्य किसी भी जिले के शिविर द्वारा रैयतों से प्राप्त दावा, आपत्ति को वैधानिक समय सीमा के अन्दर सॉफ्टवेयर पर अपलोड नहीं किया गया है और इस कारण आदेश अपलोड नहीं हो पा रहा है तो ऐसे कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव अविलंब निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(जय सिंह) 14/8/24
निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक :** 17/तक0 को0-312/2018-Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

**प्रतिलिपि :** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 14/8/24
भू-अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :** 17/तक0 को0-312/2018-Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

**प्रतिलिपि :** सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 14/8/24
भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17 / तक0 को0—312 / 2018—Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

प्रतिलिपिः उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / सहायक निदेशक / विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 16/8/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17 / तक0 को0—312 / 2018—Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 16/8/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17 / तक0 को0—312 / 2018—Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 16/8/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17 / तक0 को0—312 / 2018—Part-IV 13352 पटना, दिनांक: 16/08/2024

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 16/8/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप